सं. जैड-28016/114/2018-पीएमएसएसवाई-III/IV

भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

तीसरा तल, आईआरसीएस भवन,

नई दिल्ली-110001

वेबसाइट: www.mohfw.nic.in

दूरभाष: 011-23350005

मदुरै (तमिलनाडु) स्थित एम्स में कार्यकारी निदेशक के पद के लिए विज्ञापन।

.....

एम्स, मदुरै (तमिलनाडु) में अल्पकालिक अनुबंध आधार पर कार्यकारी निदेशक पद को भरने के लिए प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्तियों सहित भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. योग्यता:

क. चिकित्सा या शल्यचिकित्सा या जन स्वास्थ्य और उनकी शाखाओं में स्नातकोत्तर अर्हता।

ख. कम से कम दस वर्ष का शिक्षण और/अनुसंधान का अनुभव।

ग. व्यवसाय में पच्चीस वर्ष का अनुभव।

घ. चिकित्सा सहायता, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या जन स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में गहन व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव और किसी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षिणक संस्थान को उसके अध्यक्ष या विभागाध्यक्ष के रूप में चलाने का पर्याप्त अनुभव।

ङ. संस्थान प्रमुख या विभागाध्यक्ष के रूप में कम से कम एक वर्ष का अनुभव पात्रता के लिए अपेक्षित है। इस मानदंड के लिए कार्य अनुभव के निम्नलिखित प्रकारों को संगत अनुभव के रूप में माना जाएगा:-

i. संस्थान का प्रमुख

ii. विभागाध्यक्ष

iii. चिकित्सा अधीक्षक

iv. नैदानिक विभाग प्रमुख

v. इकाई प्रमुख

vi. संकायाध्यक्ष

vii. उप संकायाध्यक्ष

viii. यथोपरि पदों का अनुभव

3. अधिकतम आयु सीमा:

67 वर्ष तक

4. वेतन और भत्ते:

क. स्तर 15; वेतन मैट्रिक्स(7 वें केन्द्रीय वेतनआयोग के अनुसार) में रु. 1,82,200- 2,24,100/-

(पदधारी सामान्य वार्षिक वेतन वृद्धि का भी पात्र होगा)

ख. एफआर 45 के तहत मानक किराए या वेतन का 10 प्रतिशत इनमें से जो भी कम हो का भुगतान करने पर संस्थान के परिसर में आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

ग अन्य भत्ते नियमानुसार

5. **पद की अवधि:**

नियुक्ति 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक के लिए या आगामी आदेशों तक, इनमें से जो भी जल्दी हो, तक के लिए होगी।

6. **परिवीक्षा:** परिवीक्षा अवधि एक वर्ष की होगी।

7. **आवेदन हेतु प्रक्रिया:**

पात्र अभ्यर्थी 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' सतर्कता अनापत्ति और गोपनीय रिपोर्टों तथा अन्य संगत दस्तावेजों की प्रतियों के साथ प्रपत्र में सादे कागज पर विज्ञापन की संख्या और तारीख को दर्शाते हुए पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा श्री शंभु कुमार, अवर सचिव (पीएमएसएसवाई), कमरा नं. 303, तीसरा तल, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बिल्डिंग, रेड क्रॉस रोड, नई दिल्ली-110001 को भेजें।

i. निर्धारित योग्यता, आयु, अनुभव इत्यादि के अनुसार पद के लिए पात्रता निर्धारित करने की प्रभावी तारीख आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी।

ii. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 45 दिन होगी।

iii. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले तथा अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

iv. किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।

v. विज्ञापन को वेबसाइट: https://mohfw.nic.in और http://pmssy-mohfw.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

8. **सामान्य शर्त/सूचना:**

निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और वह अभ्यर्थी को अपने आप से साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं बनाती। अभ्यर्थियों के जीवन-वृत्त के आधार पर आवेदनों की जांच की जाएगी। केवल सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार का आयोजन सर्च-कम-सेलेक्शन कमेटी द्वारा किया जाएगा। इस समिति को किसी आवेदक के आवेदन पर विचार करने तथा उसे साक्षात्कार के लिए बुलाने का अधिकार होगा। साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने आवेदनों में दिए गए विवरणों के प्रमाण में सभी संगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। कार्यकारी निदेशक संबंधित संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य करेगा।


(शंभू कुमार)

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 011-23736977

## आवेदन पत्र

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत एम्स, मदुरई (तमिलनाडु) में कार्यकारी निदेशक के पद हेतु आवेदक का विवरण।

| नवीनतम फोटोग्राफ |
|---|

1. नाम (बड़े अक्षरों में)
2. पिता का नाम
3. (i) जन्म तिथि

   (ii) रोजगार समाचार में आवेदक की अंतिम तिथि वाले दिन आयु
4. वर्तमान पता

   (ई-मेल आईडी, फैक्स और मोबाईल सहित)
5. क्या भारत के निवासी हैं अथवा अप्रवासी भारतीय अथवा भारतीय मूल से
6. शैक्षणिक योग्यता

| स्नातक | उत्तीर्ण का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक डिग्री प्राप्त की है। |
|---|---|---|---|
| | | | |
| स्नातकोत्तर | उत्तीर्ण का वर्ष | प्रयासों की संख्या | कॉलेज/विश्वविद्यालय जहां से स्नातक डिग्री प्राप्त की है। |
| | | | |
| डाक्टरेट (यदि हो तो) | उत्तीर्ण का वर्ष | | कालेज/विश्वविद्यालय |
| | | | |

7. विशिष्टता का क्षेत्र
8. अनुभव :

| | पदनाम तथा पूर्व कार्यस्थल | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1. स्नातकोत्तर से पूर्व<br>क. शिक्षण<br>ख. अनुसंधान<br>ग. प्रशासन<br>2. स्नातकोत्तर के बाद<br>(क) शिक्षण | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ख) अनुसंधान<br>(ग) प्रशासन | | | |

9. प्रकाशन की एक पूरी सूची
   (i) पबमेड में प्रकाशन की सूची(सूची संलग्न करें)
   (ii) अन्य में प्रकाशन की सूची (सूची संलग्न करें)
10. लिखी हुई पुस्तकों में अध्याय एवं पुस्तकें, यदि हो तो।
11. पाठयेत्तर गतिविधियां जैसे मेडिको-सोसल कार्य, पत्रकारिता, साहित्यिक गतिविधियां जैसे :
12. पुरस्कार, विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त
    क. स्नातक स्तर पर
    ख. स्नातकोत्तर स्तर पर
    ग. अन्य कोई
13. राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सोसाइटी, अकादमी आदि की फैलोशिप/सदस्यता।
14. वर्तमान पद तथा पदनाम (कब से)
15. वेतनमान
16. वेतन

**घोषणा**

मैं पूर्ण सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी पूर्णत: सत्य है। मैं यह समझता तथा मानता हूं कि यदि कोई सूचना गलत अथवा अनुचित/अधूरी पाई जाती है अथवा चयन/साक्षात्कार के समय या इससे पहले कोई भी अयोग्यता सामने आती है तो मेरा आवेदन रद्द किया जा सकता है तथा मुझ पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का निर्णय बाध्य होगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर)
नाम:

स्थान :
तिथि :